प्रेस नोट-थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक – 23.11.2026

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही- झपट्टा मारकर कुंडल चोरी करने वाले बाल अपचारी को किया गिरफ्तार, कुंडल बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में वांछित/वारण्टी एवं जिलाबदर अपराधियों की गिरफ्तारी, चिन्हित अपराधियों की तलाश, अवैध शराब/शस्त्र एवं मादक पदार्थों की बिक्री/निर्माण की रोकथाम तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं गश्त हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 23.11.2026 को वादिनी द्वारा थाना कोतवाली पर उपस्थित होकर एक लिखित तहरीर दी गई कि वह मंडी से खरीदारी कर वापस घर जाने हेतु मंडी मोड़ (मिशन स्कूल तिराहा) पर ई-रिक्शा के इंतजार में खड़ी थीं, तभी एक अज्ञात बालक (उम्र 14 वर्ष) आया तथा उनके कान पर झपट्टा मारकर सोने का कुंडल छीनकर भाग गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 426/2026 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अवलोकन से बाल अपचारी की पहचान प्रकाश में आई। दिनांक 23.11.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित बाल अपचारी को नया पुल, हनुमत धाम के पुल के नीचे बाएं रास्ते से पकड़ लिया गया। मौके पर वादिनी मुकदमा द्वारा बाल अपचारी की पहचान की गई। बाल अपचारी को समय 12:46 बजे पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार बाल अपचारी का विवरणः-

बाल अपचारी

गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक व समय-

नया पुल, हनुमत धाम के पुल के नीचे बाएं रास्ते से,दिनांक 23.11.2026 को समय 12.46 बजे।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 426/2026 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरणः-

पीली धातु का एक कुण्डल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :-

1. उ0नि0 जोगेन्द्र सिंह
2. हे0का0 अनुराग सिंह
3. का0 दिपांशू तेवतिया